क्या नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मीलाद के समारोह में उपस्थित होते हैं ?

[हिन्दी – Hindi – هندي]

इफ्ता की स्थायी समिति

अनुवाद : अताउर्रहमान ज़ियाउल्लाह

2013 - 1434

IslamHouse.com

هل يحضر النبي ﷺ المولد ؟

« باللغة الهندية »

اللجنة الدائمة للإفتاء

ترجمة : عطاء الرحمن ضياء الله

2013 - 1434

IslamHouse.com

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

मैं अति मेहरबान और दयालु अल्लाह के नाम से आरम्भ करता हूँ।

إن الحمد لله نحمده ونستعينه ونستغفره، ونعوذ بالله من شرور أنفسنا، وسيئات أعمالنا، من يهده الله فلا مضل له، ومن يضلل فلا هادي له، وبعد:

हर प्रकार की हम्द व सना (प्रशंसा और गुणगान) केवल अल्लाह के लिए योग्य है, हम उसी की प्रशंसा करते हैं, उसी से मदद मांगते और उसी से क्षमा याचना करते हैं, तथा हम अपने नफ्स की बुराई और अपने बुरे कामों से अल्लाह की पनाह में आते हैं, जिसे अल्लाह तआला हिदायत प्रदान करदे उसे कोई पथभ्रष्ट (गुमराह) करने वाला नहीं, और जिसे गुमराह कर दे उसे कोई हिदायत देने वाला नहीं। हम्द व सना के बाद :

क्या नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मीलाद के समारोह में उपस्थित होते हैं ?

प्रश्न :

नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के जन्म दिन का उत्सव मनाने का क्या हुक्म है, और क्या नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम उस में उपस्थित होते हैं ?

उत्तर :

नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का सम्मान और इज़्ज़त करना, आपकी रिसालत (संदेश) पर ईमान (विश्वास) और आप जो कुछ अल्लाह के पास से लेकर आए हैं उस पर अमल के द्वारा होता है, जहाँ तक आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के जन्म का उत्सव मनाने का संबंध है तो वह एक नई अविष्कार कर ली गई बिदअत है, और नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से प्रमाणित है कि आप ने फरमाया : ''जिस

ने हमारे इस –धर्म के– मामले में कोई ऐसी चीज़ निकाली जो उस में से नहीं है तो वह अस्वीकृति है।''([1])

और यह बात प्रमाणित नहीं है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम अपनी मृत्यु के बाद किसी भी व्यक्ति के पास उपस्थित होते है, और मूल सिद्धांत यही है कि : ऐसा नहीं है, अतः उसी पर बने रहना अनिवार्य है यहाँ तक कि उसके समाप्त होने पर कोई प्रमाण स्थापित हो जाए।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करने वाला (शक्ति का स्रोत) है, तथा अल्लाह तआला हमारे ईश्दूत मुहम्मद, उनकी संतान और उनके साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।

इफ्ता और वैज्ञानिक अनुसंधान की स्थायी समिति

---

[1] इफ्ता और वैज्ञानिक अनुसंधान की स्थायी समिति सहीह बुखारी, संधि का अध्याय (हदीस संख्या : 2550), सहीह मुस्लिम, अल–अक़्ज़िया (हदीस संख्या : 1718), सुनन अबू दाऊद, अस्सुन्नह (हदीस संख्या : 4606), सुनन इब्ने माजा, अल–मुक़द्दमा (14), मुसनद अहमद बिन हंबल (6/270).

अब्दुल्लाह बिन क़ऊद (सदस्य)

अब्दुल्लाह बिन गुदैयान (सदस्य)

अब्दुर्रज़्ज़ाक़ अफीफी (उपाध्यक्ष)

अब्दुल अज़ीज़ बिन अब्दुल्लाह बिन बाज़ (अध्यक्ष)

''फतावा स्थयी समिति (5/88-89)''.